'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, | अंक : 271 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रुपए | सोमवार , 17 दिसंबर , 2024 | samachargate@gmail.com



## जम्मू में मादक पदार्थ के साथ पाकिस्तानी ड्रोन जब्त

जम्मू। जम्मू के अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास से सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने करीब आधा किलोग्राम उच्च श्रेणी का मादक पदार्थ ले जा रहे एक पाकिस्तानी ड्रोन को जब्त किया है। इस मामले की जानकारी रविवार को सुरक्षा बल के अधिकारियों ने मीडिया को दी है। जानकारी दे रहे अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी ड्रोन अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार से भारत में घुसा था। उक्त ड्रोन को शनिवार देर रात अरनिया सेक्टर स्थित चिनाज सीमा चौकी क्षेत्र से जब्त कर लिया गया है। ड्रोन और मादक पदार्थ बरामदगी की पुष्टि करते हुए बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि जवानों ने शनिवार रात आठ बजकर 10 मिनट पर पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया था। इसी के साथ मादक पदार्थ की तस्करी के प्रयास को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ड्रोन से 495 ग्राम मादक पदार्थ भी जब्त किया गया है। अपने एक बयान में अधिकारी ने कहा हा, कि 'बीएसएफ जम्मू के जवानों ने पुन- राष्ट्र विरोधी ताकतों के नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया है, जो राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



## वंदे भारत के खाने में मिला कीड़ा, आईआरसीटीसी ने लगाया जुर्माना



प्रयागराज। प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत को जरुरत के मुताबिक सवारियां नहीं मिल रही है। जो गिने चुने लोग इसमें सफर करते है वे इसकी सेवाओ से संतुष्ट नहीं है। यहा आए दिन खाने मे कीड़े, कॉकरोच और छिपकलियां मिलने की खबरें आ रही है। मात्र तीन माह के अंतराल में वाराणसी से नई दिल्ली जा रही वंदे भारत (22415) के अंदर फिर से खाने मे कीड़ा मिला है। ट्रेन के अंदर कैटरिंग द्वारा यात्री को परोसे गए खाने में कीड़ा मिलने पर यात्री ने शिकायत परिवाद पुस्तिका में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पहले भी एक सितंबर को भी इसी वंदे भारत में यात्री ने नाश्ते में आमलेट मांगा था और जब उसने आमलेट खाना शुरू किया तो उसमें काकरोच नजर आया था। इससे पहले आगरा हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत, शिरडी से मुंबई जा रही वंदे भारत में भी खाने में काकरोच मिल चुका है। आइआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग टूरिज्म) ने इसका संज्ञान लेते हुए ठेकेदार पर खराब गुणवत्ता का खाना परोसने के लिए जुर्माना लगाया है। वंदे भारत में भोजन का ठेका दिल्ली की आरके एसोसिएट्स के पास है ।विकास कुमार नाम के यात्री को प्रयागराज से नई दिल्ली जाना था। वह कोच संख्या – सी तीन के सीट नंबर 25 पर यात्रा कर रहे थे। उनकी सीट पर ही कैटरिंग द्वारा भोजन परोसा गया। जब उन्होंने खाना शुरू किया तो अचानक सब्जी में उन्हें कीड़ा दिखा। यात्री ने इसकी शिकायत की तो आसपास बैठे यात्रियों ने भी सब्जी में कीड़ा देखकर अपना नाश्ता व भोजन चेक किया और देखते ही देखते हंगामा मच गया। आनन फानन टीटीई व आइआरसीटीसी के स्टाफ ने यात्री विकास को समझाने बुझाने की कोशिश की। विवाद बढ़ता देख विकास की शिकायत दर्ज कर ली गई।

## नीतीश ने मणिपुर में बिहार के दो प्रवासी मजदूरों की हत्या पर शोक जताया, अनुग्रह राशि की घोषणा की



पटना । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मणिपुर के काकचिंग जिले में बिहार के दो प्रवासी श्रमिकों की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुये रविवार को मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। गोपालगंज जिले के निवासी लक्ष्मण कुमार (18) और दशरथ कुमार (17) की शनिवार शाम को गोली मारकर हत्या कर दी गई। निर्माण कार्य से जुड़े ये मजदूर काकचिंग में किराए के मकान में रहते थे। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि नीतीश कुमार मणिपुर में बिहार के लक्ष्मण कुमार और दशरथ कुमार की हत्या से दुखी हैं। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने मणिपुर में बिहार निवासियों की हत्या पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना में दिवगत लक्ष्मण कुमार और दशरथ कुमार के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने साथ ही श्रम संसाधन विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से नियमानुसार अन्य लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बिहार के स्थानिक आयुक्त को स्थिति की जानकारी लेने तथा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने एवं मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया है।

# किसानों के मसीहा बने सूरजपाल भूरा, मिलेगा किसानों को उनका जमीनी हक

## 1974 में गठित दीक्षित आयोग के अनुसार मिलेगा न्याय



**किसानों को उनका हक दिलाना ही मेरा उद्देश्यः सूरजपाल भूरा**

**सरपंच एसोसिएशन के प्रधान और चांदपुर गांव के सरपंच सूरजपाल भूरा ने बताया कि किसानों की समस्या और गंभीरता को देखते हुए किसानों के साथ मिलकर उनकी आवाज को उठाया है और नोएडा के जिलाधिकारी से नाम दर्ज कराने के लिए कहा है। मेरा प्रयास है कि जल्द से जल्द किसानों को उनका हक दिला सकूं एवं इस कार्य के लिए हमें जो भी भागदौड करनी पड़ मैं करुंगा।**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सरकारी दफ्तरों की लापरवाही भरा सिस्टम कहिए या सही पैरोकार ना मिलने की वजह से यहां दो राज्यों के बीच जमीनी विवादों का समाधान का हल होने के बावजूद भी करीब 50 सालों से न्याय की आस में भटकते किसानों के लिए मसीहा बनकर उभरे हैं चांदपुर गांव के सरपंच सूरजपाल भूरा।जी हां ! हम बात कर रहे हैं यमुना नदी के किनारे सटे गांव चांदपुर की यहां के किसानों की जमीन यमुना द्वारा भूमि कटाव के कारण उत्तर प्रदेश में चली गई। अब किसानों के लिए समस्या यह थी कि इस जमीन को उत्तर प्रदेश राज्य के रिकार्ड में कैसे दर्ज करवाएं। वर्षों से लंबित समस्या की गंभीरता को देखते हुए चांदपुर गांव के सरपंच और सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सुरजपाल भूरा ने इस मामले में पहल करते हुए किसानों के साथ उत्तर प्रदेश की विधानसभा जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह से मिले और चांदपुर गांव के किसानों की जमीन जोकि वर्तमान में बेला कलां में स्थित है कि खतौनी में दर्ज कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। जानकारी के लिए बता दें कि वर्ष 1974 में केंद्र सरकार ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच यमुना के कारण पैदा हुए सीमा विवाद की समस्या का हल करने के लिए दीक्षित आयोग का गठन किया था, तब दीक्षित आयोग के अनुसार दोनों प्रदेशों के बीच यमुना को ही सीमा तय कर दिया था और आयोग ने कहा था कि यदि यमुना नदी के कटाव के कारण भूमि उत्तर प्रदेश में चली जाती है तो एसी स्थिति में भी मालिक हरियाणा के किसान ही रहेंगे तथा जमीन उत्तर प्रदेश के राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाएगी और इसी तरह उत्तर प्रदेश की तरफ यमुना का कटाव हुआ और उत्तर प्रदेश के किसानों की भूमि हरियाणा की तरफ निकलती है तो मालिक उत्तर प्रदेश के किसान बने रहेंगे और जमीन हरियाणा के राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाएगी। वर्तमान में चांदपुर गांव जोकि हरियाणा में है के किसानों की जमीन बेला कलां गांव उत्तर प्रदेश की तरफ है। यह जमीन दीक्षित आयोग के अनुसार नोएडा राजस्व रिकार्ड में दर्ज तो की जा चुकी है, लेकिन अभी तक चांदपुर गांव के किसानों नाम बेला कलां की खतौनी में दर्ज नहीं किए हैं। जानकारी के लिए बता दें कि खतौनी में नाम दर्ज नहीं होने की स्थिति में कोई भी किसान के खाते की जमीन पर अपना कब्जा दिखाकर उसके हिस्से को बेचने का प्रयास कर सकता है।

इस अवसर पर उनके साथ हरद्वारी, रोहतास, सोरेन, जोगेंद्र, भगत सिंह मेंबर, दाताराम, कैप्टन जयपाल सिंह, कंचन सिंह, जोगेंद्र कालू, महेश, आदि उपस्थित रहे।

# बंगाल के मंत्री बोले- अल्लाह ने चाहा तो जल्द बहुमत में होंगे मुसलमान, भड़क उठी भाजपा

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार में मंत्री फिरहाद हकीम के एक बयान से भाजपा भड़क गई। हकीम ने कहा कि इंशा अल्लाह जल्द ही मुसलमान बहुमत में होंगे। उन्होंने शुक्रवार को एक अल्पसंख्यक छात्रों के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही थी। इधर बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने हकीम के बयान की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि हकीम पश्चिम बंगाल और भारत में भविष्य में मुस्लिम बहुलता का इशारा कर रहे थे।



हकीम ने कार्यक्रम में कहा, पश्चिम बंगाल में हम 33 प्रतिशत हैं और राष्ट्रीय स्तर पर हम 17 प्रतिशत हैं। हम संख्यात्मक रूप से अल्पसंख्यक हो सकते हैं, लेकिन अल्लाह ने चाहा तो हम इतने सशक्त हो सकते हैं कि हमें न्याय के लिए मोमबत्ती मार्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम उस स्थिति में होंगे जहां हमारी आवाज स्वतः सुनी जाएगी और न्याय की मांगें पूरी होंगी।हकीम ने न्यायपालिका में मुस्लिमों के कम प्रतिनिधित्व पर चिंता जताई। कोलकाता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम जजों की संख्या का उन्होंने जिक्र किया। उनका कहना था कि सशक्तिकरण और मेहनत के माध्यम से इस खाई को पाटा जा सकता है। हकीम के इस बयान का एक वीडियो वायरल हो गया है।

बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि हकीम के बयान से यही लगता है कि मुस्लिम कानून को अपने हाथ में लेंगे जो कि शरिया कानून का समर्थन हो सकता है।अमित मालवीय ने लिखा, कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने पहले गैर मुस्लिमों को दुर्भाग्यशाली बताया था। उन्होंने दावत-ए-इस्लाम के द्वारा हिंदुओं को इस्लाम में परिवर्तित करने के प्रयासों का समर्थन किया था। अब उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल और पूरे भारत में जल्द ही मुस्लिम बहुलता होगी। हकीम का बयान यह संकेत देता है कि भविष्य में मुस्लिम न्याय को अपने हाथों में लेंगे जो शरिया कानून की ओर इशारा करता है।

**टीएमसी ने किया बचाव**

टीएमसी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने हकीम के बयान का बचाव करते हुए कहा कि उनकी बातों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हकीम का मतलब था कि अल्पसंख्यक समुदाय के बड़े हिस्से का उत्थान करना ताकि वे मुख्यधारा में शामिल हो सकें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।

# भारत केसरी से सम्मानित होंगे पुलिस उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**करनाल।** राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी पुलिस उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा को सत्यार्थ "भारत केसरी" पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 14 जनवरी 2025 को वानप्रस्थ आश्रम हरिद्वार में सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सत्यार्थ राष्ट्रीय महासम्मेलन एवं महाधिवेशन के अंतर्गत प्रदान किया जाएगा। सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चीफ कोऑर्डिनेटर 'आर्य रत्न' डॉ सौरभ आर्य द्वारा आज उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से यह निमंत्रण सन्देश देते हुए निमंत्रण पत्र और बधाई दी। हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक एवं हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा पुलिस विभाग में 26 वर्षों से सेवारत हैं और पुलिस कर्तव्य के साथ साथ विभिन्न समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्हें 26 जनवरी 2020 को पुलिस में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया गया। 173 बार रक्तदान और 85 बार प्लेटलेट्स दान करने वाले पुलिस अधिकारी डॉ वर्मा को 2 बार महामहिम राज्यपाल द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। शतकवीर सम्मान से भी महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। वे 516 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगा चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण के साथ सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक डॉ अशोक साइकिल पर चलते हैं। हरियाणा प्रान्त में नशे के विरुद्ध अभियान चलाये हुए हैं। वे हरियाणा में 2500 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कर चुके हैं।

573 से अधिक लोगों को नशा मुक्त कर चुके हैं। कवि हृदय, कहानीकार और लेखक डॉ अशोक कुमार वर्मा 125 से अधिक कविताएं लिख चुके हैं एवं सामाजिक और नैतिक विषयों पर लिखते हैं।

# वन नेशन, वन इलेक्शन बिल को संशोधित सूची से हटाया, सोमवार को नहीं होगा पेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। वन नेशन, वन इलेक्शन बिल अब सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं होगा। इस बिल को लोकसभा की संशोधित सूची से हटा दिया गया है। पहले इसे सोमवार को पेश किया जाना था, लेकिन अब इसे फाइनेंशियल बिजनेस के पूरा होने के बाद ही संसद के पटल पर रखा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक सरकार लोकसभा स्पीकर की अनुमति के बाद सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के जरिए बिल पेश कर सकती है। यह फैसला तब आया जब 12 दिसंबर को कैबिनेट ने बिल को मंजूरी दी थी।

लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर चर्चा हुई, जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और राजनाथ सिंह ने अपनी बात रखी थी। 16 और 17 दिसंबर को इस पर चर्चा राज्यसभा में होगी। संसद का यह



शीतकालीन सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था और 20 दिसंबर को खत्म होगा।

यह 129वां संविधान संशोधन बिल है। संविधान में एक नया जोड़ा जाएगा ताकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकें। अनुच्छेद 83, अनुच्छेद 172 और अनुच्छेद 327 में भी संशोधन किया जाएगा। इसमें द गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट-1963, द गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली-1991, और द जम्मू एंड कश्मीर रीऑर्गनाइजेशन एक्ट-2019 को संशोधित किया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने पर भी संशोधन की संभावना है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने एक देश, एक चुनाव पर अध्ययन के बाद 14 मार्च 2024 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी दी थी। यह समिति 2 सितंबर 2023 को बनाई गई थी और उसने करीब 191 दिनों में रिपोर्ट तैयार की। बिल की प्रस्तुति की तारीख अभी तय नहीं है, लेकिन यह संसद के मौजूदा सत्र में पेश हो सकता है। सरकार के इस कदम पर विपक्ष और विशेषज्ञों की नजरें टिकी हैं।

# राम मंदिर बनाने वालों का सम्मान हुआ, ताजमहल बनाने वालों के हाथ काट दिए गए, बोले सीएम योगी



लखनऊ (ईएमएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि आपने देखा होगा कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर का निर्माण करने वाले श्रमिकों का सम्मान कर रहे थे। एक तरफ जहां पीएम उन पर फूल बरसा रहे थे, वहीं दूसरी तरफ, इससे पहले की स्थिति ऐसी थी कि ताजमहल का निर्माण करने वाले श्रमिकों के हाथ काट दिए गए थे। उन्होंने कहा कि इतिहास में बढ़िया कपड़ा उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों के भी हाथ काट दिए गए थे, जिससे एक पूरी परंपरा और विरासत नष्ट हो गई। यूपी के सीएम ने कहा, आज भारत अपने श्रमबल का सम्मान करता है, उन्हें हर तरह की सुरक्षा देता है। दूसरी तरफ ऐसे शासक भी थे, जिन्होंने मजदूरों के हाथ काट दिए और बढ़िया कपड़े की विरासत को नष्ट कर दिया, परंपरा को पूरी तरह नष्ट कर दिया। पहली से पंद्रहवी शताब्दी के बीच विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत के ऐतिहासिक योगदान के बारे में बात करते हुए सीएम योगी ने कहा, पहली शताब्दी से लेकर 15वीं शताब्दी तक यूरोप से जुड़े विद्वान भी स्वीकार करते हैं कि उस समय विश्व अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक थी और 15वीं शताब्दी तक यही स्थिति रही। मुंबई के बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 13 दिसंबर को विश्व हिंदू आर्थिक मंच की शुरुआत हुई और यह 15 दिसंबर तक चलेगा।

# बहुत तेजी से चल रहा है भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान बहुत तेजी से चल रहा है और रोजाना हजारों की तादाद में लोग पार्टी की विचारधारा के साथ जुड़ रहे हैं । भाजपा के सदस्यता अभियान के दौरान लाखों लोगों व परिवारों ने भाजपा का सदस्य बनकर भाजपा और मोदी जी को मजबूत किया है । जब से हरियाणा प्रदेश में इस अभियान की शुरूआत हुई है दिन प्रतिदिन भाजपा का परिवार बढ़ता जा रहा है। जिस तरह मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने जनता को मजबूत करने का काम किया है उससे जनता में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है । रविवार को फरीदाबाद के सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर भाजपा के सक्रिय सदस्य बने और उन्होंने फरीदाबाद में भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरूआत की । इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, फरीदाबाद सक्रिय सदस्यता अभियान के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं तिगांव विधानसभा के सक्रिय सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद गुप्ता आदि उपस्थित रहे । श्री गुर्जर ने कहा कि हमारे देवतुल्य कार्यकर्ता ही भाजपा की शक्ति और रीढ़ हैं । भाजपा के कार्यकर्ता अपने बूथ या विधानसभा क्षेत्र में 50 नए सदस्यों को पंजीकृत कर सक्रिय सदस्य बन सकते हैं और जो कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनेगा उसे संगठन में मौका दिया जायेगा ।



**– हर बूथ पर तीन सक्रिय सदस्य बनाएं कार्यकर्ता : राजकुमार वोहरा**

सक्रिय सदस्यता अभिवान के शुभारंभ पर उपस्थित रहे भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि भाजपा का साधारण सदस्यता अभियान और सक्रिय सदस्यता अभियान दोनों एक साथ चलेंगे। फरीदाबाद में हमने तय लक्ष्य से ज्यादा साधारण सदस्य बनाये हैं और जिस तरह लोग लगातार पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं उससे लगता है कि हम लक्ष्य से बहुत आगे जायेंगे । केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सक्रिय सदस्य बन फरीदाबाद में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरूआत कर दी है । इसके बाद हमारे सभी मंत्रियों विधायकों और पदाधिकारियों को भी सक्रिय सदस्य बनाया जायेगा । हर बूथ पर 3 सक्रिय सदस्य यानि फरीदाबाद में लगभग 5000 सक्रिय सदस्य बनने का हमारा लक्ष्य है और 17 दिसम्बर तक इस लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। श्री वोहरा ने कहा कि जो भी कार्यकर्ता 50 सदस्य बनाएगा वही कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनेगा और उसे संगठन में मौका दिया जायेगा । उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से आह्वान किया कि जल्द से जल्द भाजपा के सक्रिय सदस्य बनकर देश और पार्टी को मजबूती देने का काम करें।

## हरियाणा के हिसार से 42 लाख रुपए की धोखाधड़ी

हिसार। हरियाणा के हिसार से 42 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। यहां HAU चौकी पुलिस ने मुनाफे का लालच देकर धोखाधड़ी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और पूछताछ की जाएगी।

**जानें क्या है मामला ?**

जानकारी के मुताबिक इस मामले में पुलिस ने शिकायतकर्ता द्वारा दी शिकायत पर थाना सिविल लाइन में नामजद लोगों के खिलाफ 13 जुन 2023 को केस दर्ज किया था। जिसके बाद अब एक आरोपी प्रवेश को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी प्रवेश गुरुग्राम का रहने वाला है। जानकारी देते हुए जांच अधिकारी ASI अमित ने बताया कि आरोपी प्रवेश ने अपने साथियों सहित शिकायतकर्ता प्रेम नगर निवासी रामनिवास से ऑनलाइन कंपनी में ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट करवा कर मुनाफे का लालच देकर 42 लाख रुपए की ठगी की थी।

**जानकार के साथ शिकायतकर्ता के घर पहुंचा था आरोपी**

इस मामले में शिकायतकर्ता रामनिवास ने पुलिस को शिकायत दी, कि प्रवेश कुमार 20 जनवरी 2019 को उसके जानकार के साथ उनके घर आया। इसके बाद आरोपी ने अपने लैपटॉप में अपनी कम्पनी की वेबसाइट पर कई प्लान दिखाए। इस दौरान उसने कई प्रकार के सेल प्रोडक्ट के बारे में बताया।

**ऐसे की 42 लाख की ठगी**

जिसके बाद आरोपी ने रामनिवास को कम्पनी मेंबर बनने के लिए कहा। इसके साथ ही ज्यादा पैसा और अच्छा बिजनेस करने का लालच देकर रामनिवास से कंपनी में रुपए भी इन्वेस्ट करवाए। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने पुलिस को शिकायत दी। इस मामले में पुलिस ने नामजद लोगों के खिलाफ 13 जून 2023 को केस दर्ज किया था। अब एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर 2 दिन के रिमांड लेगी और पूछताछ करेगी।

## करनाल में गर्भवती महिला ने दी जान, 1 साल पहले हुई थी शादी...परिजनों ने ससुरालजनों पर लगाए ये आरोप



करनाल। करनाल के घरौंडा में गांव कालरम में गर्भवती महिला ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाए है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। फिलहाल पुलिस शिकायत के आधार पर जांच में जुटी हुई है।

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**– मृतका महिला के परिजनों ने बताया कि पिंकी की शादी 29 अक्टूबर 2023 को गांव कालरम में की थी। वह तीन महीने से गर्भवती थी। पिंकी का पति और सास उसके साथ मारपीट करते थे। उनकी कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन ससुराल पक्ष के लोगों पंचायत में माफी मांग लेते थे और घर जाने के बाद दोबारा उनकी बेटी को परेशान करते थे। उन्हें शक है कि उनकी बेटी को मारकर फंदे पर लटकाया गया है क्योंकि ससुराल पक्ष ने उन्हे कोई सूचना नही दी थी किसी अन्य व्यक्ति ने ही बताया था कि आपकी बेटी की मौत हो चुकी है।

## विधायक देवेंद्र के बिजनेस पार्टनर से मांगी 10 करोड़ की रंगदारी

गन्नौर: निर्दलीय विधायक देवेंद्र कादियान के बिजनेस पार्टनर से 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। सोनीपत की रहने वाली पंजाब के फरीदकोट की युवती और भाई समेत चार आरोपितों को फरीदकोट पुलिस ने गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश किया है। पंचकूला के रहने वाले और गन्नौर के निर्दलीय विधायक देवेंद्र कादियान – के बिजनेस पार्टनर कृष्ण कुमार ने इस संबंध में पंजाब पुलिस को – शिकायत दी थी। शिकायत में उन्होंने बताया था कि एक सप्ताह पहले उसे व्हाट्सएप पर मैसेज कर 10 करोड़ रुपये की मांग की गई है। पैसे न देने पर परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। आरोपितों ने उसे फरीदकोट के कोटकपूरा के बस अड्डे और बाद में अनाज मंडी में बुलाया, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। जांच के बाद पुलिस ने कोटकपूरा निवासी निधि, उसके भाई राकेश कुमार, पवन कुमार और फरीदकोट निवासी निखिल कुमार को गिरफ्तार किया। निखिल के खिलाफ पहले भी एक मामला दर्ज है और वह हाल ही में जेल से बाहर आया था। आरोपित निधि सोनीपत में घरेलू काम करती है, जबकि राकेश फरीदकोट के एक जिम में काम करता है। हालांकि गन्नौर पुलिस के पास इस मामले को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं है।

## निकम्मी और नकारी है पंजाब सरकार, किसानों के साथ किया धोखा : शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा

करनाल। जिले में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पंजाब सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पंजाब के भगवंत मान की सरकार निकम्मी और नकारी है। आप पार्टी की सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। इसके साथ महिपाल ढांडा ने दावा किया कि दिल्ली और पंजाब में भी भाजपा सरकार बनाएगी।

**हरियाणा से सीखें पंजाब सरकार : शिक्षा मंत्री**

इसके अलावा शिक्षा मंत्री ने पंजाब सरकार को नसीहत दी कि पंजाब सरकार हरियाणा से सीखे कि कैसे किसानों की फसल एमएसपी मूल्य पर खरीदी जाती है। हरियाणा सरकार सभी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के साथ खड़ी और किसानों को हर फसल पर एमएसपी दे रही है। पीएम मोदी लगातार किसानों के आय दुगनी करने में लगे हुए हैं, जब इन फसलों के रेट बढ़ेंगे तो आए अपने आप दोगुनी होगी।



**कांग्रेस पर साधा निशाना**– इसके अलावा महिपाल ढांडा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कुछ काम नहीं है। इसी के वजह से वह किसानों को उकसा रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों मेंआधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ नैतिक शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। हरियाणा में 2025 तक नई शिक्षा नीति लागू कर दी जाएगी। सरकार रोजगारपरक शिक्षा पर फोकस कर रही है। वे लगातार सरकारी स्कूलों का निरीक्षण कर रहे है, जहां जो कमी मिलती है उसे ठीक करवाया जाता है।

**'आप' के प्रदेश अध्यक्ष के बयान पर पलटवार**– आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा था कि प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रही। इस पर ढांडा ने पलटवार करते हुए कहा कि जिनकी पूरी सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त हो और जेल में हों तो वह क्या कहेंगे, जब उन पर कोई कार्रवाई होती है तो फिर यह चीखते हैं।

# नायब सैनी और मोहन बड़ौली की जोड़ी ने हरियाणा की राजनीति में बनाए दो रिकॉर्ड

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़( चंद्रशेखर धरणी) = 2014 में देश भर में चली मोदी लहर के सहारे हरियाणा में पहली बार अपने दम पर सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के चुनाव में प्रदेश में कमाल का रंग दिखाया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से पहले से घोषित मुख्यमंत्री के चेहरे के रुप में नायब सिंह सैनी और लोकसभा चुनाव में हार का मुंह देखने के लिए मोहन लाल बड़ौली को प्रदेश अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण पद देना हरियाणा में बीजेपी के लिए एक करिश्मा साबित हुआ।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मोहन लाल बड़ौली ने पुरानी फिल्म धर्मवीर के धर्म और वीर की जोड़ी की तरह काम करते हुए भारतीय जनता पार्टी को हरियाणा में अब तक की सबसे अधिक सीटें दिलाने का काम किया। 2024 के चुनाव में सभी एग्जिट पोल और आंकलनों के विपरीत भारतीय जनता पार्टी ने 48 सीट जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल करते हुए प्रदेश में लगातार तीसरी बार किसी दल की सरकार बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

**एक साथ दो रिकॉर्ड बनाए**

2014 से पहले भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के विधानसभा चुनाव में हमेशा किसी ना किसी क्षेत्रीय दल का सहारा लेती थी। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में चौधरी बंसीलाल की हरियाणा विकास पार्टी और चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की इंडियन नेशनल लोकदल के साथ गठबंधन कर सत्ता में रह चुकी है, लेकिन 2014 के चुनाव में मिली पहली बड़ी जीत के बाद बीजेपी ने केंद्र के साथ हरियाणा में भी सत्ता पर अपनी पकड़ ढीली नहीं की। हालांकि चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने कई पहलुओं को ध्यान में रखकर काम किया। इसी के चलते राजनीति के चाणक्य अमित शाह के नेतृत्व में हरियाणा का 2024 का विधानसभा चुनाव लड़ा गया और पार्टी ने एक साथ दो रिकॉर्ड बनाए। प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर मोहनलाल बड़ौली और मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चुनाव लड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में अब तक की सबसे अधिक सीटें हासिल करने के साथ ही लगातार तीसरी बार सत्ता बनाने का भी रिकॉर्ड बनाया।

**2014 से 2024 तक के चुनावी परिणाम**

हरियाणा में अगर साल 2014 के विधानसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो बीजेपी को 47 सीटें मिली थी और उसका वोट शेयर 33.2 प्रतिशत था। वहीं इनेलो ने 19 सीटें हासिल की थी और उसका वोट शेयर 24.01 प्रतिशत था, जबकि कांग्रेस ने 15 सीटें हासिल की थी और उसका वोट शेयर 20.06 प्रतिशत था, वहीं निर्दलीयों ने 5 सीटें हासिल की थी और उसका वोट शेयर 10.06 प्रतिशत था। इसके अलावा हरियाणा जनहित कांग्रेस यानि हजकां ने भी 2 सीटें हासिल की थी और उसका वोट शेयर 3.6 प्रतिशत था। वहीं बसपा ने 1 सीट हासिल की थी और उसका वोट शेयर 4.4 प्रतिशत था। वहीं शिरोमणि अकाली दल ने 1 सीट हासिल की थी और उसका वोट शेयर 0.6 प्रतिशत था।

**2019 विधानसभा चुनाव का रिजल्ट**

हरियाणा में अगर साल 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो बीजेपी को 40 सीटें मिली थी, उसका वोट शेयर 36.49 प्रतिशत था, जबकि कांग्रेस को 31 सीटें मिली थी और उसका वोट शेयर 28.08 प्रतिशत था। वहीं जजपा को 10 सीटें हासिल हुई थी और उसका वोट शेयर 14.80 प्रतिशत था, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों को 7 सीटें मिली थी, जबकि उनका वोट शेयर 9.17 प्रतिशत था। वहीं इनेलो ने 1 सीट हासिल की थी और उसका वोट शेयर 2.44 प्रतिशत था। वहीं गोपाल कांडा की पार्टी हलोपा ने 1 सीट हासिल की थी और उसका वोट शेयर 0.66 प्रतिशत था।

**2024 विधानसभा चुनाव का रिजल्ट**

2024 में हरियाणा आए विधानसभा चुनाव के परिणाम ने सबको चौंका दिया। बीजेपी ने सभी अनुमानों के विपरीत ना केवल प्रचंड बहुमत हासिल किया, बल्कि सभी एग्जिट पोलों को भी धराशाई कर दिया। बीजेपी ने 90 में से 48 सीट जीतकर एक इतिहास बनाने के अलावा लगातार तीसरी बार सरकार भी बनाई। 2024 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 37 सीट मिली, जबकि इनेलो को केवल 2 सीट ही मिल पाई। इस चुनाव में आजाद उम्मीदवारों की जीत का आंकड़ा भी केवल 3 पर ही सिमट कर रह गया।



**हिट हुआ भाजपा का जाट वर्सेज गैर-जाट फॉर्मूला**

हरियाणा में 36 से ज्यादा बिरादरी हैं। इनमें सबसे ज्यादा बड़ी आबादी जाटों की है। भाजपा ने यहां गैर-जाट की राजनीति करनी शुरू कर की। सवर्णों की पार्टी जाने वाली भाजपा ब्राह्मण, बनिया, पंजाबी और राजपूत वोटों को लेकर आश्वस्त थी। भाजपा ने पिछड़े और दलित वोट बैंक को अपने पक्ष में करने की कोशिश की। यह फॉर्मूला 2014 और 2019 के बाद 2024 में भी कामयाब रहा है। हरियाणा में अनुसूचित जातियों की कुल जनसंख्या करीब 20 प्रतिशत है। एससी समुदाय के लिए कुल 17 सीटें आरक्षित हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 17 में से 4 सीटें जीती थीं, जबकि इस बार भाजपा एससी के लिए आरक्षित सीटों में 7 पर जीत रही है। भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले 25 सीटों पर चेहरे बदल दिए। इनमें आधे से अधिक प्रत्याशियों ने जीत हासिल की।

## किसानों के पक्ष में बॉर्डर कूच करने को तैयार खाप पंचायतें, नवनियुक्त प्रधान सुरेश फोगाट की अध्यक्षता में हुई पंचायत

**चरखी दादरी।** किसान आंदोलन के दौरान फोगाट खाप ने पंचायत करते हुए खाप पंचायतों से किसानों के पक्ष में उतरने का आह्वान किया। साथ ही निर्णय लिया कि संयुक्त किसान मोर्चा की कॉल के लिए खाप तैयार है, जैसे ही कॉल खाप के पास आएगी तो वे किसानों के पक्ष में बार्डर कूच करेंगे। साथ ही फोगाट खाप ने किसान जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ अनहोनी होने पर सरकार को इसका खामियाजा भुगतने की चेतावनी भी दी है।

जानकारी के मुताबिक दादरी के स्वामी दयाल धाम पर रविवार को फोगाट खाप की पंचायत प्रधान सुरेश फोगाट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान जहां खाप की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, वहीं सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। पंचायत में किसान आंदोलन को लेकर भी खाप प्रतिनिधियों ने चर्चा करते हुए कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की कॉल का खापों को इंतजार है और कॉल मिलते ही बॉर्डर कूच करेंगे। करीब दो घंटे चली।



नवनियुक्त खाप प्रधान सुरेश फोगाट ने बताया कि खाप से अलग होकर 8 गांवों की बनी पंचायत में एक गांव ने फोगाट खाप को समर्थन दिया है। प्रयास है कि फोगाट खाप फिर से एकजुट होगी और आपसी भाईचारा कायम करेंगे। प्रधान ने कहा कि सरकार को समय रहते किसानों की मांगों को पूरा कर देना चाहिए। अगर इस दौरान किसान नेता डल्लेवाल के साथ अनहोनी होती है तो बड़ा आंदोलन होगा। सरकार ने मांगें मान ली तो तुरंत आंदोलन खत्म करते हुए सरकार का धन्यवाद करेंगे।

## खनौरी बॉर्डर पहुंचे पंजाब के डीजीपी गौरव यादव व केंद्रीय गृह निदेशक मयंक मिश्रा, डल्लेवाल का हाल-चाल जान कही ये बात



**जींद।** 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर अनशन बैठे जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ती जा रही है। अब किसान नेता भी लामबंद होने लगे हैं, दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मामले को संज्ञान लेने के बाद आज पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव व केंद्रीय गृह निदेशक मयंक मिश्रा डल्लेवाल से मिले। साथ ही उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की। कोर्ट का आदेश है कि किसान नेता का आमरण अनशन खुलवाया जाए और उनको अच्छा इलाज मिले।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि अधिकारियों ने कहा जगजीत सिंह डल्लेवाल जी आपकी जिंदगी बहुत कीमती है। उन्होंने कहा कि आपके शरीर में जो कमियां हैं उनको कैसे ईलाज के जरिये पूरा किया जा सके, एक बार आप इस पर विचार कर लीजिए। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अधिकारियों से कहा है कि सरकार को हमारा ये संदेश भेजिए कि मेरी जिंदगी से ज्यादा महत्वपूर्ण उन किसानों की जिंदगी थी, जिन्होंने सरकारों की गलत नीतियों के कारण आत्महत्या की। मेरी जिंदगी से ज्यादा महत्वपूर्ण उन को किसानों की हैं जो सरकार की गलत नीतियों के कारण गरीबी और कर्ज की ओर धकेली जा रही हैं। डल्लेवाल ने कहा सरकार इस बात पर विचार करें कि किसानों की मांगे कब और कैसे पूरी करनी है, जिस दिन किसानों की मांगे पूरी होगी। उस दिन ही मेरा आमरण अनशन खत्म होगा। नहीं तो मैं मेरी कुर्बानी देने के लिए पूरी तरीके से मानसिक रूप से तैयार हूं। वहीं डल्लेवाल ने बाहरी मेडिकल सहायता लेने से मना कर दिया है। कोई भी अधिकारी आते हैं वो बातचीत करते हैं वो अच्छा है, हल बातचीत से होते हैं। आज केंद्र के अधिकारी आए तो अच्छी बात है, लेकिन रिजल्ट कब आएगा वो आने वाला समय बताएगा।

## हरियाणा से नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा आज संसद भवन में लेंगी शपथ

**चंडीगढ़।** हरियाणा से नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा आज संसद भवन में शपथ लेंगी। बता दें कि राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता रेखा शर्मा राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हो गई हैं। शुक्रवार को नामांकन वापसी का अंतिम दिन था। शर्मा के सामने किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं भरा था। नामांकन वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने जीत का सर्टिफिकेट देकर उन्हें विजयी घोषित किया।

**राज्यसभा भेजने के लिए जताया अभार**

इस दौरान रेखा शर्मा ने कहा था कि मुझे राज्यसभा भेजने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद करती हूं। उन्होंने मुझे राज्यसभा के लायक समझा, निर्विरोध निर्वाचन के लिए मैं जनता का भी धन्यवाद करती हूं। मेरा मकसद लोगों से जुड़ी समस्याओं को राज्यसभा में उठाने का रहेगा। 90 सीटों वाली हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक हैं जबकि 3 निर्दलीयों का भी उन्हें समर्थन है। ऐसे में बीजेपी उम्मीदवार की जीत पहले से ही तय थी। रेखा शर्मा ने नामांकन के आखिरी दिन 10 दिसंबर को आवेदन किया था। हरियाणा की 5 राज्यसभा सीटें हैं। इनमें से 4 पर भाजपा में सीधे काबिज हो चुकी है। जिनमें रेखा शर्मा और उनसे पहले सुभाष बराला, रामचंद्र जांगड़ा और किरण चौधरी शामिल हैं। इसके अलावा निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा भी भाजपा के समर्थन से राज्यसभा सांसद चुने जा चुके हैं।



## तीन नए कानून को लागू करने, हिंसक अपराध नियंत्रण तथा नशा मुक्त अभियान पर बैठक आयोजित, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने तीन नए कानूनो को प्रभावी तरीके से लागू करने, हिंसक अपराध नियंत्रण तथा नशा मुक्ति को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के वरिष्ठ अधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया।

नशामुक्ति को लेकर प्रदेश में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाना हरियाणा पुलिस की बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है। हालांकि प्रदेश में नशामुक्ति को लेकर सराहनीय कार्य किया जा रहा है लेकिन इसे पूर्णतया नशामुक्त करने के लिए और अधिक योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गांवो अथवा वार्डो को नशामुक्त करने के लिए जरूरी है कि लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ इसकी तस्करी करने वाले लोगों पर शिकंजा कसा जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्ती करें। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि वे प्रतिबंधित दवाइयां की बिक्री करने वाले फार्मासिस्ट के खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए काम करें।

उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस अधीक्षक दवा विक्रेताओं के साथ बैठके करें और उन्हें इस बारे में कानूनी प्रावधानों की जानकारी दें। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में युवाओं तथा बच्चों से बातचीत करें। वे अपने क्षेत्र में नशा बिकने ना दे और जो लोग नशे की गिरफ्त में आ गए हैं उनकी काउंसलिंग करवाए, ओपीडी में या जिला स्तर पर स्थापित किए गए नशा मुक्ति केंद्रों में उनका इलाज करवाए। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एसएचओ तथा डीएसपी गांवों में विजिट करते रहे और चौपाल में लोगों से बातचीत करें इससे उन्हें काफी महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी और कई मुद्दों के बारे में पता लगेगा जिससे उन्हें अपने क्षेत्र को नशामुक्त करने में सुविधा होगी।

बैठक में श्री कपूर ने 3 नए कानूनो को प्रभावी तरीके से लागू करने को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। श्री कपूर ने कहा कि गृह मंत्रालय द्वारा नए कानूनो को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए हरियाणा को एक मॉडल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित लक्ष्य अनुसार 28 फरवरी तक इन कानूनों को हरियाणा में पूरी तरह से लागू करना है। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को इसे लागू करने के लिए इस्तेमाल होने वाली ई-साक्ष्य एप्प व इसके इस्तेमाल करने बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि ई-साक्ष्य एक बहुत अच्छी ऐप है जिसके माध्यम से नए कानून में निहित प्रावधानों को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकता है। उन्होंने बैठक में केस डायरी माड्यूल, तथा चांस रिकवरी व प्लेनड रिकवरी की वीडियोग्राफी आदि के बारे में भी बताया।

इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण के महत्व पर बल दिया। नए कानून से न्याय प्रणाली सुदृढ़ बनेगी और लोगों को त्वरित न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि तीन नए कानूनो को लागू करने के लिए सभी प्रकार के रिसोर्सेज हरियाणा पुलिस के पास उपलब्ध है और भविष्य में आवश्यकता अनुसार और अधिक रिसोर्सेस उपलब्ध करवाए जाएंगे।



बैठक में श्री कपूर ने अपराध नियंत्रण को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुनः दोहराया कि अपराध नियंत्रण के लिए जरूरी है कि उसके घटित होने से पहले ही आवश्यक प्रबंध किए जाए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्ती करनी है और उन पर कड़ी कार्रवाई करनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति किसी को नहीं है। बैठक में अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले नए तौर तरीकों से निपटने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में हरियाणा पुलिस हाऊसिंग कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक ओ पी सिंह, पंचकूला के पुलिस आयुक्त राकेश आर्य, एसपी निकिता गहलोत, एआईजी एडमिन हिमांशु गर्ग, एआईजी प्रोविजनिंग कमलदीप गोयल सहित कई अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।



# क्या भूल भुलैया 4 में होगी खिलाड़ी कुमार की वापसी? अनीस बज्मी ने तोड़ी चुप्पी



भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की अब तक तीन फिल्में आ चुकी हैं। पहली फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में नजर आए थे। फिर दूसरी फिल्म में कार्तिक आर्यन ने उन्हें रिप्लेस कर दिया और इसी साल नवंबर में रिलीज हुई भूल भुलैया 3 में भी कार्तिक आर्यन ही नजर आए। क्या चौथी किस्त में अक्षय कुमार की वापसी हो सकती है, इसकी संभावनाओं पर फिल्म के निर्देशक अनीस बज्मी ने प्रतिक्रिया दी है। अक्षय कुमार के फैंस चाहते हैं कि भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की फिल्म में खिलाड़ी वापसी करें। हाल ही में अनीस बज्मी ने अभिनेता के साथ फिर से जुड़ने के बारे में अपना उत्साह जताया। इसे लेकर उन्होंने कहा, अगर कहानी में कहीं ऐसी गुंजाइश होती है तो इस बात की पूरी संभावना है कि अक्षय की वापसी हो। अनीस बज्मी ने कहा, दोस्ती, प्यार और हर चीज का एक शानदार बॉन्ड है। अगर कहानी फिट बैठती है, तो मुझे अक्षय कुमार को वापस फिल्म में लेते हुए खुशी होगी।

### स्क्रिप्ट पर टिकी है पूरी संभावनाएं

अनीस बज्मी ने अक्षय की वापसी का संकेत देते हुए कहा कि उनकी वापसी तभी होगी, जब अगली फिल्म की कहानी में ऐसी डिमांड होगी। अनीस बज्मी ने पिंकविला के साथ बातचीत में यह कहा। अनीस बज्मी ने इस बात पर भी जोर दिया कि पिछले कुछ वर्षों में उनके और अक्षय कुमार के बीच के प्रोफेशनल रिश्ते, आपसी सम्मान और समझ की नींव पर बने हैं।

### वही किरदार आएगा वापस?

अनीस बज्मी ने आगे कहा कि अभिनेता की वापसी के बारे में कोई भी फैसला आखिरकार इस बात पर निर्भर है कि स्क्रिप्ट अक्षय के किरदार और फिल्म के निर्देशन के अनुकूल है या नहीं। इससे इस बात की अटकलें भी लगाई जा सकती हैं कि चौथी किस्त में पिछली फिल्मों का ही अक्षय का किरदार वापसी करेगा या कोई नई अप्रोच होगी।



# दुलकर सलमान के साथ जल्द नजर आएंगी पूजा हेगड़े

पूजा हेगड़े साल 2025 में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। वह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में दिखेंगी। अब रिपोर्ट के अनुसार, वह एक तेलुगू रोमांटिक ड्रामा फिल्म में नजर आने वाली हैं। फिलहाल फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है।

### कब से शुरू होगी शूटिंग?

सूत्रों के अनुसार निर्माताओं को एक नई जोड़ी की तलाश थी। दुलकर सलमान और पूजा ने दक्षिण सिनेमा में प्रमुख नाम होने के बावजूद कभी एक साथ स्क्रीन साझा नहीं की है। इसलिए, उन्हें साथ लाने से दर्शकों को कहानी में ताजगी का एहसास होगा। निर्माताओं ने दोनों को पर्दे पर साथ लाने का यह प्रोजेक्ट 2025 के अंत में शुरू होने की संभावना है।

### कई रोमांटिक फिल्मों में दिख चुके हैं दुलकर सलमान

अपने 12 साल के करियर में सलमान ने कई रोमांटिक ड्रामा फिल्मों में शानदार अभिनय किया है, जिनमें ओ कधल कनमनी (2015) से लेकर सीता रामम (2022) जैसी फिल्मों तक शामिल हैं।

### थ्रिलर के बाद दोबारा करने जा रहे रोमांटिक फिल्में

चुप- रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट (2022), किंग ऑफ कोठा (2023) और लकी भास्कर जैसी थ्रिलर फिल्मों के बाद वह अब रोमांटिक कहानियों में वापसी को लेकर उत्साहित हैं। एक अन्य सूत्र ने कहा, दुलकर सलमान को अपनी फिल्मों के जरिए प्यार के अलग-अलग पहलुओं को एक्सप्लोर करना बहुत पसंद है। वह अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्मों को लेकर उत्साहित हैं, क्योंकि ये एक-दूसरे से बिलकुल अलग हैं।



### पूजा इन फिल्मों में कर रही काम

वर्क फ्रंट की बात करें तो पूजा इस साल की शुरुआत में शाहिद कपूर के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म देवा में नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास विजय के साथ थलपति 69 और सूर्या के साथ सूर्या 44 जैसी फिल्में भी हैं। इसके अलावा वह फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में भी नजर आने वाली है, जिसमें वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# पत्रलेखा ने बॉलीवुड में अपने बुरे दौर को किया याद



राजकुमार राव और पत्रलेखा ने एक-दूसरे को 11 साल तक डेट किया और फिर 2021 में यह कपल शादी के बंधन में बंध गया। अब एक इंटरव्यू में पत्रलेखा ने अपने फिल्मी करियर के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि राजकुमार राव के लिए यह देखना बहुत मुश्किल था कि वह फिल्म इंडस्ट्री में सफलता पाने के लिए स्ट्रगल कर रही थीं। पत्रलेखा ने कहा, जब आप अपने करियर में अच्छा नहीं कर पाते हैं, तो आप उस पर कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन मुश्किल तब होती है, जब आपका पार्टनर या भाई-बहन अच्छा नहीं कर रहे होते हैं। उस समय आप उनकी स्थिति को महसूस तो करते हैं, लेकिन कुछ नहीं कर पाते। यही अनुभव राजकुमार राव का मेरे साथ था। पत्रलेखा ने कहा, एक समय ऐसा था जब मैं काफी संघर्ष कर रही थी और उस वक्त राजकुमार काफी सफलता हासिल कर रहे थे। फिर भी, वह कभी-कभी अपनी फिल्मों के बारे में बात नहीं करते थे, ताकि मुझे बुरा न लगे और मैं दुखी न हो जाऊं। हालांकि, वह मुझसे कुछ नहीं कहते थे, लेकिन मुझे पता था कि मेरा संघर्ष करना उन्हें दुखी करता था।

# फिर एफआईआर लिखने आ रहीं हैं चंद्रमुखी चौटाला?

शो एफआईआर के प्रशंसकों को पुरानी यादें ताजा हो गई हैं। कविता कौशिक ने पूरी कास्ट के साथ एक खास मुलाकात की झलक साझा की है। इस मौके पर आमिर अली, सपना सिकरवार, गोपी भल्ला, संदीप आनंद के साथ कविता खुद भी मौजूद थीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया और लिखा- हाये दइया कहां जाउ मैं, एफआईआर लिखूं। कविता शो में चंद्रमुखी चौटाला के किरदार के लिए मशहूर थीं, साथ ही उनके अंदाज को लोग खूब पसंद करते थे। हालांकि, कांस्टेबल गुलगुले की भूमिका निभाने वाले कीकू शारदा इस रियूनियन में अनुपस्थित रहे।

# फहद फासिल की पहली बॉलीवुड फिल्म होगी इडियट्स ऑफ इस्तांबुल



फहद फासिल इन दिनों अपनी नई फिल्म पुष्पा 2 द रूल को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म में उन्होंने भंवर सिंह शेखावत के रूप में खलनायक का किरदार निभाया है। वहीं, अब वे फिल्म की दमदार सफलता का जश्न मना रहे हैं। वहीं, अब अभिनेता की नई फिल्म के बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है। पुष्पा 2- द रूल की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद फहद फासिल अब अपनी पहली बॉलीवुड परियोजना के लिए तैयार हैं, जिसका आखिरकार शीर्षक सामने आ गया है। फहद फासिल की पहली बॉलीवुड फिल्म का नाम इडियट्स ऑफ इस्तांबुल है, जो एक अपरंपरागत प्रेम कहानी है, इसका निर्देशन इम्तियाज अली करेंगे। बताया गया कि यह एक अनोखा शीर्षक है, क्योंकि इम्तियाज अली गहन रोमांस से लेकर जीवन के कुछ पहलुओं पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी तक की शैली बदल रहे हैं। आगे कहा गया कि कहानी के लिए इडियट्स ऑफ इस्तांबुल जैसा शीर्षक चाहिए, क्योंकि दो प्रमुख पात्र तुर्की के सबसे बड़े शहर की यात्रा पर हैं। फहद फासिल की फिल्म में कास्टिंग एकदम सही है और अभिनेता भी इम्तियाज अली और टीम के साथ यात्रा करने के लिए उत्साहित हैं।



# सूर्या 45 में विजय सेतुपति के साथ दो-दो हाथ करेंगे सूर्या



साउथ सुपरस्टार सूर्या की 45वीं फिल्म का आधिकारिक एलान हो चुका है। निर्माताओं ने सूर्या 45 का पोस्टर जारी करते हुए जानकारी दी थी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आर बालाजी संभालेंगे। वहीं, अब अभिनेता की फिल्म पर नई जानकारी सामने आई है, जो फिल्म के खलनायक से जुड़ी हुई है। चलिए आपको बताते हैं कि इस फिल्म में सूर्या किस अभिनेता के साथ दो-दो हाथ करेंगे।

### विजय सेतुपति बनेंगे खलनायक

सूर्या 45 के निर्माता एक के बाद एक फिल्म के बारे में अपडेट देने में लगे हुए हैं। अभिनेता-फिल्म निर्माता आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित, हाल ही में यह घोषणा की गई थी कि युवा और सनसनीखेज संगीतकार साई अभ्यंकर एआर रहमान की जगह इस प्रोजेक्ट में शामिल हैं। अब, नई रिपोर्टों के अनुसार, अभिनेता विजय सेतुपति के साथ प्रतिपक्षी की भूमिका निभाने के लिए चर्चा चल रही है। क्या मास्टर अभिनेता एक बार फिर खलनायक की भूमिका निभाएंगे और सूर्या के साथ अभिनय करेंगे? केवल आधिकारिक घोषणा ही इसका खुलासा करेगी।

### विजय सेतुपति का खलनायक अवतार

दर्शक पहले ही विजय सेतुपति का खतरनाक अवतार देख चुके हैं, जिन्होंने मास्टर, विक्रम और विक्रम वेधा जैसी फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई है। अभिनेता ने कुछ समय के लिए खलनायक की भूमिकाएं निभाने से ब्रेक लिया था, ऐसा लग रहा है कि फैंस उन्हें आगामी फिल्म सूर्या 45 में फिर से खेलते हुए देखेंगे। कथित तौर पर टीम अभिनेता के साथ बातचीत कर रही है और अगर सब ठीक रहा तो दर्शक सूर्या और विजय सेतुपति को सूर्या 45 में भिड़ते हुए देख सकते हैं। टीम द्वारा अभी आधिकारिक घोषणा की जानी बाकी है।

### सूर्या के साथ रोमांस करेंगे तृषा

सूर्या 45 को आरजे बालाजी ने लिखा और निर्देशित किया है और इसे ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में सूर्या पहली बार आरजे बालाजी के साथ काम कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग कुछ दिन पहले पोलाची में शुरू हुई थी, जिसमें अभिनेत्री तृषा मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। जब सूर्या 45 की पहली बार घोषणा की गई थी तो एआर रहमान को संगीतकार के रूप में पुष्टि की गई थी।



# अब मैं अनन्या का पिता और भावना का पति हूं, लेडीज मेरे लिए बहुत लकी रही हैं

**एक्टर चंकी पांडे ने अपने करियर में काफी उतार-चढ़ाव देखा है। इन दिनों भी वह चुनिंदा फिल्मों में नजर आते हैं। हालांकि, अपने काम के अलावा, वह एक्टर बिटिया अनन्या पांडे और फैबुलस लाइफ ऑफ बॉलिवुड वाइव्स फेम पत्नी भावना के चलते भी चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में फिल्म विजय 69 में दिखे।**

**फिल्म में आपका किरदार कहता है कि हम सब अपनी जिंदगी में करना कुछ चाहते हैं, मगर कर कुछ और रहे होते हैं, आप खुद इस दौर से कभी गुजरे हैं? और उस दौर से कैसे उबरे?**

हम सबकी जिंदगी में ऐसा होता ही है कि हम सोचते कुछ हैं, मगर होता कुछ और है। मेरी जिंदगी में तो बहुत लो फेज आए हैं। मैंने बहुत बुरा वक्त देखा है। बिना काम के रहा हूं लेकिन मेरा मानना है कि आपको अपने बुरे दौर को सबसे ज्यादा इंजॉय करना चाहिए, क्योंकि तब आप पर किसी की नजर नहीं होती है। कोई आपको देख नहीं रहा होता है तो आप बहुत कुछ एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं। तब आपके पास वक्त ही वक्त होता है, तो आप कोई नई हॉबी शुरू कर सकते हैं। अपनी सेहत पर ध्यान दे सकते हैं। परिवार को वक्त दे सकते हैं, तो अपने लो फेज में जब मेरे पास यहां काम नहीं था, मैं बांग्लादेश चला गया। मैं वहां फिल्में करने लगा। फिर मेरी शादी हुई और मेरी पत्नी भावना मेरी जिंदगी में आई, जो मेरी लकी चार्म साबित हुई। उसके बाद मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिर मेरी दो बेटियां हुईं और सब अच्छा हो गया।

**आपकी बेटी अनन्या आज की पीढ़ी के ऐक्टर्स का प्रतिनिधित्व करती हैं। ऐसे में, आप दोनों के बीच ऐक्टिंग को लेकर किस तरह की चर्चा होती है? क्या आप उनसे कुछ सीखते हैं?**

सच कहूं तो मुझे आज की युवा पीढ़ी के ऐक्टर्स बहुत पसंद हैं। मैं उनसे ऐक्टिंग सीखता हूं। आज के इन ऐक्टर्स के लिए लेस इज मोर यानी वे कम में ज्यादा कहने की कोशिश करते हैं। हमारे जमाने में तो ऐक्टिंग हमेशा बहुत ड्रमैटिक और लाउड हुआ करती थी। आज के ऐक्टर्स बहुत सहज तरीके से ऐक्टिंग करते हैं। वे किरदार में घुस जाते हैं। इसलिए, मेरा मानना है कि हम लोगों को खुद को री इन्वेंट करने के लिए इनकी नकल करनी चाहिए।

**आपने पत्नी भावना को अपना लकी चार्म कहा। लेकिन जब उन्होंने फैबुलस लाइफ ऑफ बॉलिवुड वाइव्स करने को कहा तो आपकी प्रतिक्रिया क्या थी? क्या कोई हिचक हुई क्योंकि उसमें आपकी निजी जिंदगी भी दिखाई जानी थी?**

नहीं, बिल्कुल नहीं, बल्कि मैं तो बहुत खुश था कि भावना को वह शो करने का मौका मिला और उसे इतना प्यार मिला। लोगों के लिए मैं पहले चंकी पांडे था, फिर अनन्या का पापा बन गया और अब मैं भावना का पति बन गया हूं (हंसते हैं) तो लेडीज मेरे लिए बहुत लकी रही हैं और बस अभी मैं उनके कंधों पर बंदूक चला रहा हूं।

**फिल्म में विजय का किरदार 69 की उम्र में ट्रायथलॉन जैसे एडवेंचर पर जाता है। आप खुद 60 पार कर चुके हैं, आपकी ऐसी कोई अधूरी ख्वाहिश है?**

मैं पायलट बनना चाहता हूं। हालांकि, वैसे 62 की उम्र में यह बहुत ही मुश्किल है, लेकिन हाल ही में मैंने अपनी आंखें चेक कराई हैं और उस लिहाज से मैं प्लेन उड़ाने के लिए फिट हूं, तो अगर मुझे चांस मिले तो मैं पायलट बनना चाहता हूं। अभी ही मैंने अपना ड्राइविंग टेस्ट भी पास किया है। वैसे, मैं अच्छा गाड़ी चला लेता हूं लेकिन 18 साल की उम्र में मैं ड्राइविंग टेस्ट में फेल हो गया था। उसके बाद जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि ड्राइवर आ गया था। बाकी, मैंने फिल्मों में गाड़ी चलाई है, पर वहां लाइसेंस नहीं लगता है लेकिन अभी जब मैं इंटरनैशनल ड्राइविंग लाइसेंस बनाने गया तो उन्होंने कहा भाई, आपको टेस्ट देना पड़ेगा, क्योंकि आपकी उम्र 60 से ज्यादा है, तो मैंने टेस्ट पास किया।

